# मॉडल – (03)
# विषय – अर्थशास्त्र, कक्षा – दसवीं (हाईस्कूल)
# विषय कोड – 214

समयः 3 घण्टे | पूर्णांक– 100

---

निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखिए (द) एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

## खण्ड (अ)

(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1 x 5 = 5)

**(i)** समष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन करता है –

(अ) विशिष्ट फर्मों का (ब) विशिष्ट कीमतों का

(स) विशिष्ट परिवारों का (द) राष्ट्रीय आय का

**(ii)** अर्थव्यवस्था के प्रकार हैं –

(अ) पूंजीवादी (ब) समाजवादी

(स) मिश्रित (द) उपर्युक्त सभी

**(iii)** सिक्के कौन जारी करता है –

(अ) वाणिज्यिक बैंक (ब) केन्द्रीय बैंक

(स) सरकार (द) उपर्युक्त सभी

**(iv)** यदि दिया है $X = 14$ और $N = 7$ तो $\sum x$ का मान होगा।

(अ) 88 (ब) 98

(स) 78 (द) 68

**(v)** पर्यावरण क्षरण का मुख्य कारण है –

(अ) स्थानांतरित कृषि (ब) पर्यटन को बढ़ावा

(स) भूमि के उपयोग का बदलता स्वरूप (द) उपर्युक्त सभी

## खण्ड (ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1 x 5 = 5)

**(i)** अपने संसाधनों का संरक्षण करने के लिए हमें अपनी आवश्यकताओं को................ चाहिए

**(ii)** देश के आवासियों के स्वामित्व वाली उत्पादन इकाईयों को................ कहते हैं।

**(iii)** .............................आंकड़े मौलिक होते हैं।

**(iv)** बाजार में किसी वस्तु के क्रेताओं की संख्या..................पर उस वस्तु की मांग अधिक होगी।

(v) बीमा कंपनियों की विशेष योजनाएं व्यक्तियों के जीवन स्वास्थ्य और ............. की सुरक्षा करती है।

## खण्ड (स)

(स) बताइये निम्न कथन सत्य है या असत्य – (1 x 5 = 5)

(i) मशीने बनाना श्रमगहन विधि के अंतर्गत है।

(ii) उत्पत्ति के साधन यदि महंगे है तो इससे उत्पादन लागत बढ़ जाती है।

(iii) पूर्ति अतिरेक का अर्थ है एक दी हुई कीमत पर पूर्ति का मांग से अधिक होना।

(iv) पूर्ण प्रतियोगिता में केवल एक विक्रेता होता है।

(v) बचत वह आय है जो उपभोग पर व्यय के पश्चात बच जाती है।

## खण्ड (द)

(द) एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए – (1 x 5 = 5)

(i) माता पिता द्वारा बच्चों का पालन पोषण किस सेवाओं के अंतर्गत आता है ?

(ii) उत्पादन के कार्य में जोखिम कौन उठाता है ?

(iii) गिफिन वस्तुएं किसे कहते हैं ?

(iv) CPA का पूरा नाम लिखिए ?

(v) सरकार किसानों की हितों की रक्षा के लिए कीमत को बहुत कम नहीं होने की देती, ऐसी कीमत कहलाती है

प्रश्न 2. मध्यवर्ती वस्तुएं किसे कहते हैं ? 2

प्रश्न 3. आर्थिक समस्याएं क्यों उत्पन्न होती है ? एक कारण दीजिए। 2

प्रश्न 4. मांग के नियम लिखिए। 2

प्रश्न 5. वस्तुविनिमय प्रणाली किसे कहते हैं ? 2

प्रश्न 6. आंकड़ों की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो) 2

प्रश्न 7. केन्द्रीय प्रवृत्ति की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ? 2

प्रश्न 8. अस्थाई बंदोबस्त से क्या अभिप्राय है ? 2

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 9. | व्यवसाय के प्रकार लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 10. | सेवाएँ क्या है ? | 2 |
| प्रश्न 11. | जल प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों को लिखिए। (कोई दो) | 2 |
| प्रश्न 12. | भूमि निम्नीकरण से क्या अभिप्राय है ? | 2 |
| प्रश्न 13. | पूंजीवादी अर्थव्यवस्था का अर्थ बताईए। | 2 |
| प्रश्न 14. | व्यष्टि अर्थशास्त्र की विशेषताएं लिखिए। (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 15. | आर्थिक विकास एवं आर्थिक संवृद्धि में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 16. | फर्म और उद्योगों कें महत्व की व्याख्या कीजिए। (कोई दो) | 3 |
| प्रश्न 17. | स्पष्ट लागत तथा अस्पष्ट लागत में अंतर लिखिए। (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 18. | मुद्रा विनिमय का माध्यम है समझाईए। | 3 |
| प्रश्न 19. | बैंक के दो कार्य लिखिए। | $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$ |
| प्रश्न 20. | विभिन्न व्यक्तियों की आवश्यकताएं भिन्न–भिन्न क्यों होती है ? | 4 |
| | अथवा | |
| | आर्थिक वस्तुओं एवं आर्थिक सेवाओं से क्या आशय है ? | |
| प्रश्न 21. | अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं का वर्णन कीजिए। | 4 |
| | अथवा | |
| | उत्पादन के चार साधनों को संक्षेप में समझाईए। | |
| प्रश्न 22. | बीमें की मुख्य समस्याएं लिखिए। (कोई चार) | 4 |
| | अथवा | |
| | बैंक साख का सृजन कैसे करता है ? समझाईए। | |
| प्रश्न 23. | निम्न आंकड़ों की सहायता से समांतर माध्य ज्ञात कीजिए – | 4 |

| प्राप्तांक | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 6 | 3 | 2 | 3 | 4 | 2 |

अथवा

प्राथमिक समंक एवं द्वितीयक समंक में अंतर लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 24. किसी वस्तु की व्यक्तिगत आपूर्ति को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।(कोई पांच) 5

अथवा

मांग के आवश्यक तत्व को समझाईए।

प्रश्न 25. प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किन्हीं दो योजनाओं का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

चीन की अर्थव्यवस्था पर एक टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 26. एकाधिकार से क्या अभिप्राय है ? एवं इसकी विशेषताओं को लिखिए। (कोई चार) 6

अथवा

मांग आधिक्य किसे कहते हैं ? मांग आधिक्य का वस्तु की कीमत, मांग एवं पूर्ति पर प्रभाव लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 27. भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (कोई छः) 6

अथवा

द्वितीयक क्षेत्रक की भूमिका तथा महत्व की व्याख्या कीजिए।

---------xx---------